

नवभारत
इंदौर, गुरुवार, 20 नवंबर, 2025
04

## एक नजर में

### एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने पर 10 अधिकारी एवं कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए

**आलीराजपुर ।** रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी तपीस पांडे ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीतू माथुर के निर्देशन पर विशेष गहन पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली कार्य में लापरवाही बरतने पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्री वेंकट मूर्ति ,उपायुक्त सहकारिता विभाग श्री जी एल सोलंकी, परियोजना समन्वयक श्री नेव सिंह डुडवे,कार्यपालन यंत्री लक्ष्मण सिंह मंडलोई ,एसडीओ सौरभ भाबोर , होमियोपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ हितेश मंडलोई,सहायक परियोजना समन्वयक श्री रामानुज शर्मा, जिला परियोजना प्रबंधक श्री मुकेश सिंधे , कृषि विस्तार अधिकारी अनिल कुमार आवास्या ,वनक्षेत्रपाल उमराली सत्येंद्र कौरव सहित अन्य को मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम के तहत कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए ।

### जागरूकता रैली का आयोजन




**पेटलावद .** मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर चोपड़ा एवं ब्लॉक के स्वास्थ्य कार्यकर्ता तथा आशा कार्यकर्ता -द्वारा शुगर मधुमेह ब्लड प्रेशर एवं कैंसर हार्ड डिजीज नॉन कम्युनिकेबल डिसीज एमसीडी के बारे में जागरूकता रैली का आयोजन पुराना अस्पताल पेटलावद से लेकर गांधी चौक होते हुए वापस पेटलावद हॉस्पिटल में निकाली गई तथा मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा सभी आशा कार्यकर्ताओं को ब्लड प्रेशर एवं शुगर के लिए नियमित व्यायाम के बारे में एवं संतुलित आहार के बारे में बताया एवं सभी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में ग्रुप मीटिंग में सामूहिक चर्चा के दौरान चर्चा करें एवं लोगों में जागरूकता के लिए उन्हें समझाएं ।

### बीमारी ठीक करने के बहाने मतांतरित हुए परिवारों ने फिर से अपनाया हिन्दू धर्म

ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने दी समझाइश



**झाबुआ .** पारा के ग्राम बलोला के 5 परिवारों के करीब 25 सदस्यों ने बुधवार को फिर से अपनी घर वापसी की। धर्म रक्षक संयोजक और एसटी मोर्चा के जिला महामंत्री वालसिंह मसानिया ने बताया बलोला ग्राम के बारिया तथा टोकरियां परिवार के 5 परिवार के करीब 25 सदस्य अलग -अलग कारणों से अन्य धर्म मे मतांतरित हो गए थे।ये परिवार करीब 5 वर्षो तक ईसाई धर्म अपना रहे थे। लेकिन लगातार समझाइश के बाद मतांतरित परिवार के मुखिया ने फिर से हिन्दू धर्म मे आने की बात कही।बुधवार को राकेश बारिया, बदू बरिया, रमेश डामोर, इंदरसिंह बारिया, मोहन बारिया, दिनेश निंगवाल, जुवान सिंह बारिया, दिनेश टोकरिया तथा कई ग्रामीण इन सभी परिवारों के घर पहुंचे। ग्रामीणों ने आदिवासी संस्कृति और हिन्दू धर्म की मूल बाते विस्तार से बताई। ग्रामीणों ने समझाया कि थोड़ी सी लालच के चक्कर मे कई बार हम अपनी मूल संकृति से दूर हो जाते हैं।लेकिन देर आये दुरुस्त आये की तर्ज पर कोई परिवार फिर से अपने धर्म को अपनाता है तो न केवल सम्पूर्ण ग्राम बल्कि सभी क्षेत्रवासी उस परिवार का अभिनंदन करते हैं। मतांतरित परिवार के प्रमुखों मडीया जुवान सिंह टोकरिया, जितेंद्र डूंगरसिंह सिंगाड, कम्मू गुलसिंह बारिया शंकर रमेश सिंगाड, पिडू भुरू डामोर ने बताया कि हमे बीमारी ठीक करने के नाम पर फुसलाया गया। फिर धीरे धीरे हम मिशनरी व्यवस्था में गुलाम हो गए। लेकिन जैसे ही हमने देखा कि धर्म बदलने के बाद जो हमारे अपने थे वे हमसे लगातार दूर हो गए। आज हम सभी परिवारों ने हिन्दू धर्म मे वापसी की है।वालसिंह मसानिया ने बताया कि अंग्रेज पहले व्यापार के नाम पर आए थे और धीरे धीरे अपनी संख्या बढ़ाते देश को गुलाम कर लिया था। आज मिशनरी भी यही कर रही है, बीमारी, निर्धनता तथा अन्य कई तरह के लालच देकर उन आदिवासियों को निशाना बनाते हैं जो वास्तव में बहुत भोले होते हैं। मिशनरी की इसी रीतिनीति की वजह से जिले में ईसाइयों की संख्या हजारो से लाखों में पहुंच गई है। हनुमान जी मंदिर में जय श्री राम के जयकारे लगाए बुधवार को मतांतरित हुए परिवारों के प्रमुखों का बारिया फलिया स्थित हनुमान मंदिर पर स्वागत किया गया। मतांतरित हुए सभी परिवारों के प्रमुखों ने हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जय श्री राम का घोष किया। इसके बाद ग्रामीणों ने सभी लोगो को माला पहनाई। परिवार प्रमुखों ने कहा कि हमारे साथ ही हमारे घर के बाकी सदस्य भी अब से हिन्दू धर्म को मानेंगे। साथ ही फिर से मतांतरित होने की बात पर उन्होंने मनाही की।

### जिला पंचायत कार्यालय सभा कक्ष में दावे-आपत्ति की प्रक्रिया



**झाबुआ।** आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के पदों पर भर्ती हेतु जिलेभर से अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन दिए गए। जिसमें भर्ती प्रक्रिया को लेकर कई अभ्यर्थियों और पात्र उम्मीद्वारों ने ऑनलाईन दावे आपत्तियां भी दर्ज करवाई। जिनके निराकरण हेतु 19 नवंबर, बुधवार को जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में प्रक्रिया पूर्ण की गई। दावे-आपत्ति हेतु दो विकासखंड मेघनगर एवं थांदला से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी 19 नवंबर, बुधवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। जिन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं की भर्ती प्रक्रिया के संबंध में अपने-अपने दावे आपत्ति पेश किए। जिनके निराकरण की पहल जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्रसिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनल जसंवतसिंह भाबोर, सहायक आयुक्त जनजातिय कार्य विभाग सुप्रिया बिसेन, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी राधुसिंह बघेल, जिला स्वास्थ्य एवं शिक्षण समिति के सभापति विक्रम मेड़ा आदि ने किया। यह प्रक्रिया जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 11 से शाम 6 बजे तक चली। इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्रसिंह चौहान ने बताया कि अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत दावे-आपत्तियो की निश्चित समायवधि में निराकरण की पहल की जाएगी। विभिन्न विषयों को लेकर दर्ज करवाई आपत्ति-वहीं इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी राधुसिंह बघेल ने जानकारी दी कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं की ऑनलाईन भर्ती में कुछ अभ्यर्थियों द्वारा भर्ती में चयनित उम्मीद्वार के संबंधित गांव, क्षेत्र का नहीं होने के साथ अन्य तकनीकी खामियों का उल्लेख किया गया। पहले ब्लॉक स्तर पर दावे-आपत्तियों का निराकरण बाद जिला स्तर पर दावे-आपत्तियों के निराकरण की पहल की जाएगी।





# आज की नारी हर क्षेत्र और कार्य में अग्रणी है और देश का प्रतिनिधित्व कर रहीं है : कविता

- पीएमश्री शासकीय कन्या उमा विद्यालय में तेजस्विनी 'ज्ञान, संस्कृति और शक्ति' के संगम का दो दिवसीय स्नेह सम्मेलन का उदघाटन हुआ

**झाबुआ। पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झाबुआ में 18 नवंबर, बुधवार सुबह 10 बजे से तेजस्विनी 'ज्ञान, संस्कृति और शक्ति' के संगम का दो दिवसीय स्नेह सम्मेलन का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन सत्र में अतिथि के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष कविता सिंगार, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेष दुबे, भाजपा खेल प्रकोष्ठ संयोजक शैलेष बिट्टू सिंगार, पार्षद रेखा शर्मा एवं नरेंद्र राठौरिया उपस्थित रहे।**

अतिथियों का स्वागत संस्था की बालिकाओं द्वारा पारंपरिक नृत्य एवं सभी अतिथियों का तिलक कर किया गया। बाद अतिथि ने शाला का अवलोकन के साथ मंचासीन हुए। स्वागत भाषण संस्था प्राचार्य सीमा त्रिवेदी ने दिया। अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन करने के साथ झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन करते हुए उनकी शोर्य पराकाष्ठा को प्रतिपादित किया। सुंदर सरस्वती वंदना, स्वागत नृत्य संस्था की छात्राओं ने प्रस्तुत किया। शाला का वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन संस्था पीटीआई नरेशराज पुरोहित द्वारा किया गया। पधारे अतिथियों द्वारा कार्यक्रम के उद्घाटन की घोषणा कर छात्राओं को प्रेरणादायी उद्बोधन दिया गया। शाला में वर्ष-2025 में भगवान बिरसा मुंडाजी की जयंती, सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं वन्दे मातरम् गान के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष लोगों तैयार कर अतिथियों को प्रदान किए गए। अतिथियों ने नारी शक्ति को दुर्गा का स्वरूप बताते हुए कहा कि आज की नारियां तेजस्विनी होकर हर क्षेत्र और कार्य में आगे है और राष्ट्रीय तथा अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर अपना प्रतिनिधित्व कर रहीं है। पीएमश्री कन्या उमा विद्यालय की सभी छात्राएं होनहार और प्रतिभावन होकर ज्ञान, संस्कृति और शक्ति का अद्भुत संगम है।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां**

उद्घाटन सत्र का संचालन कक्षा 12वीं की छात्राओं ज्वाला गवली एवं कोमल परमार ने किया। कार्यक्रम में संस्था का समस्त स्टॉफ, पालकगण और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति आरंभ हुई। जिसमें कुल 35 एकल, युगल एवं सामूहिक नृत्य की छात्राओं द्वारा प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग सुप्रिया बिसेन ने किया। जिनका स्वागत छात्रा संघ अध्यक्ष शिबू निनामा ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में शारदा विद्या मंदिर प्राचार्य दीपशिखा तिवारी, केतकी त्रिवेदी एवं तुष्टि परसाई उपस्थित रहीं।

**आज होगा समापन**

संस्था प्राचार्य सीमा त्रिवेदी ने बताया कि दो दिवसीय उत्सव को लेकर पूरे शाला एवं परिसर को सुंदर रूप से सजाया गया। विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक चले। 20 नवंबर, गुरूवार को समापन एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन दोपहर 11 बजे से किया जाएगा। जिसमें अतिथि के रूप में मप्र शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, कलेक्टर नेहा मीना, भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया एवं जिला महामंत्री विजय चौहान मौजूद रहेंगे। शाला परिवार की छात्रा संघ अध्यक्ष शिबू निनामा, मुख्य परामर्शदाता नरेशराज पुरोहित, प्रधान प्राठक रजनी चंद्रावत आदि ने आयोजन को सफल बनाने हेतु अपील की है।

# कलेक्टर ने शत प्रतिशत कार्य करने पर बीएलओ का किया सम्मान




**आलीराजपुर । कलेक्टर नीतू माथुर ने जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण ( स्ङ्ख्र) अभियान के तहत जोबट विधानसभा 192 क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 49 के बीएलओ मनोज चौगड द्वारा शत प्रतिशत गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन करने पर उनका सम्मान किया । इस दौरान कलेक्टर माथुर ने उनसे चर्चा कर इस कार्य पूरा करने में उनके अनुभव की जानकारी ली ।**

चौगड ने बताया कि चंद्रशेखर आजाद नगर का ग्राम बीना दूरस्थ क्षेत्र में है जहां उन्होंने 8 सौ से अधिक मतदाताओं के घर घर जाकर सत्यापन किया , सत्यापन के दौरान कई ग्रामीणों के पलायन करने की जानकारी मिली , उन्होंने पलायन पर गए नागरिकों से फोन पर चर्चा कर जानकारी एकत्रित की साथ की गणना पत्र में चाही गई जानकारी को क्रमवार अंकित किया । इस दौरान जमीनी अमला जैसे सचिव , चौकीदार आदि ने भी उनके सहयोग कर शत प्रतिशत गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन में सहायता की ।

इस दौरान कलेक्टर माथुर ने फुल गुच्छ देकर उनका सम्मान किया साथ ही अनुविभागीय अधिकारी सुश्री निधि मिश्रा को निर्देशित करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में बेहतर कार्य करने के लिए श्री चौगड का नाम निर्वाचन आयोग को भी प्रस्तावित करें ताकि उन्हें राज्य स्तर पर सम्मान किया जा सके ।

कलेक्टर माथुर द्वारा बताया गया कि जिले के प्रथम चौगड प्रथम ऐसे बीएलओं है और ,जिन्होने समय सीमा के पूर्व अपना एसआईआर के कार्य में शत प्रतिशत किया है अन्य बीएलओं को भी इनसे प्रेरणा लेकर अपने अपने कार्य क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए साथ ही इस तरह समस्त बीएलओ का क्रमवार सम्मान जिला स्तर पर किया जाएगा ।



# पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेसजनों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

- व. इंदिरा गांधी ने भारत के विकास और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया - : जिकां अध्यक्ष प्रकाश रांका

**झाबुआ।** जिला कांग्रेस द्वारा स्थानीय गोपाल कॉलोनी स्थित विधायक कार्यालय पर देश की पूर्व प्रधानमंत्री प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस एवं भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के पदाधिकार-कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इंदिरा गांधी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। स्व. इंदिरा गांधी को याद कर नमन किया गया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका ने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपने साहस, दूरदर्शिता और निर्णायक फैसले से भारत के इतिहास और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। उन्होंने ही बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया, जिसमें आम नागरिकों को बैंकिंग सेवाएं सुलभ हुई और अर्थव्यवस्था में भी लोकतंत्रीकरण बड़ा, यह उनकी ही देन थी। इंदिरा गांधी ने 20 सूत्रीय कार्यक्रम की शुरुआत की, जिसका मकसद समाज के वंचित वर्गों का विकास और देश को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना था, आज उन्हें पूरे विश्व में लोह महिला के नाम से पहचाना जाता है। श्रद्धांजलि सभा को प्रदेश प्रक्ता साबिर फिटवेल, जिला कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष रूपसिंह डामोर, जिला युकां अध्यक्ष नटवरसिंह डोडियार, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन अध्यक्ष नरवेश अमलियार, जिला प्रवक्ता लोकेंद्र बिलवाल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कान्हा गुंडिया, महिला कांग्रेस से शीला भूरिया, ग्लेंसी डोडियार गोरी कटारा आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर खुना गुंडिया, जितेंद्र शाह, राजा कुरैशी, किलु भूरिया बबलू कटारा, दरियाव सिंगार, गुफरान कुरैशी, वीणा कुंवर, सायरा बानो, जोटा बेन आदि सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जलते हुए चूल्हे में गिरने से दो मासूम बुरी तरह आग में झुलसे, एक बालिका पर गिरी गर्म सब्जी



**पेटलावद.** पेटलावद.आज दिनांक 19 नवंबर को पेटलावद क्षेत्र में तीन अलग-अलग घटनाओं में तीन मासूम बच्चे आग में झुलस गए। जानकारी अनुसार ग्राम गोठानिया निवासी आनंद पिता पंकज मुनिया उम्र लगभग एक वर्ष एवं बेडाखो निवासी रामकन्या नामक लगभग 2 वर्षीय बालिका जलते हुए चूल्हे में गिरने के कारण बुरी तरह से झुलस गई। वही रीना पिता प्रकाश डिंडोर निवासी भेरूगढ़ पर गर्म सब्जी गिर जाने के कारण बालिका बूरी तरह से जल गई। तीनों ही बच्चों का उपचार पेटलावद सिविल अस्पताल में किया जा रहा है, जंहा बच्चों को आईसीयू वार्ड में भर्ती किया गया है। जहां चिकित्सकों की निगरानी में बच्चों का उपचार जारी है आज पेटलावद बीएमओ डॉक्टर एम.एल चोपड़ा द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली गई एवं उपस्थित स्टाफ को आवश्यक निर्देश दिए गए।

**एक नजर** — पेटलावद की प्रथम ऐतिहासिक मंडफिया यात्रा भव्य रूप से संपन्न

# श्री सांवरिया सेठ मंडफिया यात्रा में श्रद्धालुओं ने उत्साह से भाग लिया



**पेटलावद.** नगर में धार्मिक उत्साह और गहन आध्यात्मिक अनुभूति का अद्भुत संगम तब देखने को मिला, जब श्री सांवरिया मित्र मंडल, पेटलावद द्वारा आयोजित प्रथम एक दिवसीय ऐतिहासिक श्री सांवरिया सेठ मंडफिया यात्रा हजारों भावनाओं और सौहार्द के वातावरण में सफलता पूर्वक संपन्न हुई। इस यात्रा में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से 101 श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और निष्ठा के साथ भाग लिया। मंगलवार सुबह 5 बजे यात्रा का शुभारंभ नगर के प्राचीन नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर से किया गया। यहां उपस्थित भक्तों ने सर्वप्रथम ध्वज पूजन, वाहन पूजन और श्रीफल चढ़ाकर भगवान महादेव का आशीर्वाद लिया। मंत्रोच्चार और भजन-कीर्तन के वातावरण में यात्रा का शुभारंभ अत्यंत आध्यात्मिक और भावपूर्ण रहा। दो बसों में सवार भक्तजन यात्रा स्थल की ओर प्रस्थान हुए।

यात्रा का पहला पड़ाव प्रसिद्ध मंडफिया स्थित श्री सांवरिया सेठ मंदिर रहा। मंदिर से लगभग 1 किलोमीटर की दूरी पर बसों को रोककर सभी भक्तों ने ढोल-ढमाकों, मंजीरों की धुन और 'जय सांवरिया सेठ' के गगनभेदी जयकारों के साथ नृत्य करते हुए पैदल यात्रा प्रारंभ की।

सभी श्रद्धालु छप्पन भोग का नैवेद्य लेकर नाचते-गाते मंदिर तक पहुंचे। मंदिर में भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया गया। इसके पश्चात प्रसादी वितरण हुआ और नगर से लाए गए ध्वज भगवान सांवरिया सेठ को समर्पित किए गए। इस दौरान भक्तों की आंखों में भक्ति और आनंद की चमक स्पष्ट झलक रही थी।

**भादसौड़ा गांव में भक्तों द्वारा किए जा रहे कीर्तन के सुरों पर झूमे**

मंडफिया धाम के बाद यात्रा भादसौड़ा गांव पहुंची, जहां भगवान सांवरिया सेठ की तीन चमत्कारी मूर्तियों में से एक मंदिर में विराजित है। यहां पहुंचकर भक्तों ने दर्शन किए और स्थानीय भक्तों द्वारा किए जा रहे कीर्तन के सुरों पर झूम उठे। भक्तों ने इस स्थान को अत्यंत शांतिपूर्ण और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण अनुभव किया। इसके बाद यात्रा भगवान सांवरिया सेठ के प्राकट्य स्थल की ओर बढ़ी। यहां उपस्थित तीसरी दिव्य मूर्ति के दर्शन कर सभी भक्त प्रभु प्रेम में सराबोर हो गए। कई श्रद्धालु भावुक भी हुए और इस पवित्र स्थल पर ध्यान लगाकर आत्मिक शांति का अनुभव किया। प्रांगण में स्थित हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया तथा स्तुति-भजन गाए। पूरे वातावरण में भक्ति, ऊर्जा और दिव्यता का समावेश वातावरण को संगीतमय बना रहा। पूरी यात्रा के दौरान सभी भक्तों ने एकता, भक्ति और उल्लास का अद्भुत अनुभव प्राप्त किया। लौटते समय भक्तों ने कहा कि इस तरह की धार्मिक यात्रा न केवल भक्ति को प्रबल करती है, बल्कि समाज में प्रेम, सद्भाव और सामूहिक आस्था को भी मजबूत करती है। भक्तों की मांग है कि इस प्रकार की भव्य यात्रा प्रत्येक वर्ष अनिवार्य रूप से आयोजित की जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग भगवान के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त कर सकें और सामूहिक भक्ति की ऊर्जा का अनुभव कर सकें। श्री सांवरिया मित्र मंडल द्वारा आयोजित यह प्रथम यात्रा पेटलावद की धार्मिक परंपरा में एक नया अध्याय जोड़ते हुए नगर के भक्तों के लिए अविस्मरणीय स्मृति बन गई।



# वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

***शासकीय कन्या महाविद्यालय की खिलाड़ियों ने दो मेडल जीते***

**झाबुआ।** संभागीय स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता महाराजा रणजीतसिंह महाविद्यालय इंदौर में आयोजित की गई। उक्त प्रतियोगिता में शासकीय कन्या महाविद्यालय झाबुआ के खिलाड़ियों ने एक गोल्ड एवं एक ब्रांज मेडल जीतकर महाविद्यालय एवं जिले के नाम का रोशन किया है। महाविद्यालय की क्रीड़ा अधिकारी डॉ. विद्या चौहान ने बताया कि ममता डमोर बीए फाइनल की छात्र ने 79 किलोग्राम में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं सोनिया डामोर ने 45 किलोग्राम में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी खिलाड़ियों को जय बजरंग व्यायाम शाला में प्रशिक्षक गुलाबसिंह गुंडिया की देखरेख में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अंजना सोलंकी ने सभी खिलाड़ियों को मेडल जीतने पर शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इन खिलाड़ियों के प्रशिक्षण में किसी भी बात की कमी नहीं आने दी जाएगी। प्राचार्य डॉ. अंजना सोलंकी कहा कि वह खिलाड़ियों की हर संभव मद्द करने को तत्पर है। इससे महाविद्यालय के खिलाड़ियों में खुशी की लहर है। महाविद्यालय परिवार की ओर से खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य हेतु कामना की है।